# अमेरिका-इंग्लैंड से चार लाख करोड़ के निवेश पर करार

## वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना की टीम ने न्यूयार्क, सैन फ्रांसिस्को और इंग्लैंड में 21 एमओयू किए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के माध्यम से दस लाख करोड़ रुपये का निवेश जुटाने का लक्ष्य मंत्रियों के पहले ही विदेश दौरे में हासिल होता दिखाई दे रहा है। विभिन्न देशों में मंत्रियों की टीम के साथ निवेशकों से हुए करार कुछ ऐसी ही तस्वीर पेश कर रहे हैं। इस कड़ी में अब तक का सबसे बड़ा निवेश अमेरिका और इंग्लैंड जैसे देशों से आता दिखाई दे रहा है। वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना के नेतृत्व में इन देशों के दौरे पर गए प्रतिनिधिमंडल ने प्रतिष्ठित कंपनियों एवं औद्योगिक घरानों से विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए 4.07 लाख करोड़ रुपये के 21 निवेश प्रस्तावों को समझौता ज्ञापन (एमओयू) तक पहुंचाने में सफलता प्राप्त की है। लखनऊ में 10-12 फरवरी के बीच ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है।

वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना, पूर्व मंत्री एवं विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास अरविंद कुमार, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी एवं मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह ने अमेरिका के न्यूयार्क, सैन फ्रांसिस्को एवं इंग्लैंड के लंदन में प्रमुख कंपनियों के साथ कई दौर की वार्ता की और कंपनियों को यह समझाने में सफल रहे कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी औद्योगिक विकास का नया केंद्र बन रहा है। देश की अर्थव्यवस्था की ग्रोथ इंजन में यूपी का महत्वपूर्ण योगदान है। वित्तमंत्री ने इन देशों के उद्यमियों को आइटी, अवस्थापना, स्वास्थ्य, डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण, कृषि, पर्यटन, शिक्षा के साथ अन्य क्षेत्रों में निवेश का प्रस्ताव दिया।

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT 10-12 FEBRUARY, 2023

- समिट के माध्यम से दस लाख करोड़ रुपये का निवेश जुटाने का है लक्ष्य
- वाराणसी में पेशेंट डाटा एक्सचेंज को 1000 करोड़ के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर

उन्होंने बताया कि यूपी अब एक निवेश फ्रेंडली स्टेट है, यहां उपभोक्ताओं की संख्या भी करोड़ों में है। उद्यमियों के लिए लगभग 25 नीतियां तैयार की गई हैं, जिसमें निवेशकों के लिए आकर्षक प्रविधान किए गए हैं।

खन्ना ने बताया कि उप्र में सुशासन तथा इन्वेस्टमेंट अनुकूल सुलभ एवं सहज नीतियों के कारण औद्योगिक घराने प्रदेश में निवेश के लिए स्वयं इच्छुक दिखे। प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका एवं इंग्लैंड के उद्यमियों को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में भाग लेने के लिए भी आमंत्रित किया।

**पार्टेक्स एनवी वाराणसी में स्थापित करेगी पेशेंट डाटा एक्सचेंज** : उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और आइटी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में बड़े औद्योगिक घरानों व उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उन्हें यूपी में निवेश के लिए आमंत्रित किया। फ्रांस की कंपनियों ने खाद्य प्रसंस्करण, कृषि, डेयरी, नवीनीकरण ऊर्जा, रक्षा और जल यातायात के क्षेत्र में निवेश की इच्छा जताई। वहीं, हेल्थकेयर सेंटर में कार्य करने वाली पार्टेक्स एनवी के साथ एक हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव पर हस्ताक्षर हुए। पार्टेक्स एनवी वाराणसी में पेशेंट डाटा एक्सचेंज स्थापित करेगी।

फ्रांस के एशिया पैसिफिक कोआर्डिनेटर जीन फ्रैंकोइस एंब्रोसियो ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के साथ मुलाकात के दौरान खाद्य प्रसंस्करण, कृषि और डेयरी के क्षेत्र में साझीदारी के जरिए इंडो फ्रेंच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल ने इंटरनेशनल कमीशन आफ कंफेडरेशन आफ एसएमई (सीपीएमई) के प्रमुख एटिने पोइरोट बोर्डिन से भी मुलाकात की और उन्हें सौर ऊर्जा, डिफेंस और वाटर ट्रांसपोर्टेशन जैसे क्षेत्रों में उद्योग लगाने के लिए आमंत्रित किया। एयर लिक्विड ग्रुप के डायरेक्टर मैक्सिम लैंबर्ट एवं रिस्क मैनेजमेंट वाइस प्रेसीडेंट बरट्रांड मोनोई ने प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में निवेश की इच्छा जाहिर की।

थासम कंप्यूटिंग के सीईओ स्टीफन फ्रांसिस और वाइस प्रेसीडेंट इंटरनेशनल सेल्स पीयरे क्रासोनवस्की ने लैपटाप और टैबलेट एसेंबलिंग व वितरण के क्षेत्र में निवेश पर उत्सुकता जताई। प्रतिनिधिमंडल ने पार्टेक्स एनवी से डा. गुंजन भारद्वाज से मुलाकात की और उन्हें यूपीजीआइएस- 2023 में आमंत्रित किया। पार्टेक्स एनवी ने वाराणसी में पेशेंट डाटा एक्सचेंज स्थापित करने के लिए 1000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए।

### विदेश दौरे से लौटे ब्रजेश पाठक, सीएम को सौंपी रिपोर्ट

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उन्हें अपने विदेश दौरे से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक सात से 16 दिसंबर तक मेक्सिको, ब्राजील व अर्जेंटीना की यात्रा पर रहे। वहां उन्होंने उद्यमियों, औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उन्हें यूपी में निवेश का प्रस्ताव दिया।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि मेक्सिको में कृषि, वैकल्पिक ऊर्जा, आइटी क्षेत्र से उद्यमियों से मुलाकात की और अंतरराष्ट्रीय मक्का और गेहूं सुधार केंद्र का दौरा कर वैज्ञानिकों से यूपी में सेंटर खोलने पर चर्चा की। ब्राजील में ब्राज़ील इंडिया चैंबर और कामर्स, एथेनाल व चीनी उत्पादन, दुग्ध उत्पादन, डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर को लेकर उद्यमियों से बातचीत की।

वहीं, अर्जेंटीना की चाकलेट, कैंडी और खाद्य पदार्थों की सबसे बड़ी उत्पादक कंपनी आरकोर, आइटी कंपनी ग्लोबैंट, कृषि से जुड़ी क्रेसुड के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की। अर्जेंटीना के विदेश मंत्री सैंटियागो कैफिएरो व ऐतिहासिक फुटबाल बोका क्लब का दौरा कर अध्यक्ष जार्ज अमोर अमील से मुलाकात कर उनसे यूपी में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की।